No. 5/1/2017-CPI
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
LABOUR BUREAU

'CLEREMONT', SHIMLA-171004
DATED: 31st January, 2018

Press Release

Consumer Price Index for Industrial Workers (CPI-IW) – December, 2017

The All-India CPI-IW for December, 2017 decreased by 2 points and pegged at 286 (two hundred and eighty six). On 1-month percentage change, it decreased by (-) 0.69 per cent between November, 2017 and December, 2017 when compared with the decrease of (-) 0.72 per cent for the corresponding months of last year.

The maximum downward pressure to the change in current index came from Food group contributing (-) 2.37 percentage points to the total change. At item level, Rice, Arhar Dal, Gram Dal, Groundnut Oil, Chillies Green, Brinjal, Cabbage, Carrot, Cauliflower, French Beans, Green Coriander Leaves, Methi, Palak, Peas, Potato, Radish, Tomato, Banana, Sugar, ESI Premium Contribution, Toilet Soap, etc. are responsible for the decrease in index. However, this decrease was checked by Wheat Atta, Coconut Oil, Fish Fresh, Goat Meat, Onion, Tamarind, Coconut, Electricity Charges, Firewood, Secondary School Fee, Flowers/Flower Garlands, etc., putting upward pressure on the index.

The year-on-year inflation measured by monthly CPI-IW stood at 4.00 per cent for December, 2017 as compared to 3.97 per cent for the previous month and 2.23 per cent during the corresponding month of the previous year. Similarly, the Food inflation stood at 4.32 per cent against 3.91 per cent of the previous month and 0.67 per cent during the corresponding month of the previous year.

At centre level, Jamshedpur and Tiruchirapally reported the maximum decrease of (7 points each) followed by Doom Dooma Tinsukia, Siliguri, Godavarikhani and Jalpaiguri (6 points each). Among others, 5 points decrease was observed in 7 centres, 4 points in 10 centres, 3 points in 9 centres, 2 points in 21 centres and 1 point in 13 centres. On the contrary, Darjeeling recorded a maximum increase of 8 points followed by Jharia (4 points) and Srinagar (3 points). Among others, 2 points increase was observed in 2 centres and 1 point in 2 centres. Rest of the 5 centres' indices remained stationary.

The indices of 35 centres are above All-India Index and 43 centres' indices are below national average.

The next issue of CPI-IW for the month of January, 2018 will be released on Wednesday, 28th February, 2018. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in.*

(AMRIT LAL JANGID)
DEPUTY DIRECTOR

संख्या-5/1/2017-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 31 जनवरी, 2018

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - दिसम्बर, 2017

दिसम्बर, 2017 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2 अंक घटकर 286 (दो सौ छयासी) अंक के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में नवम्बर एवं दिसम्बर, 2017 के बीच 0.69 प्रतिशत की कमी रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (-) 0.72 प्रतिशत थी।

सूचकांक में दर्ज कमी में सर्वाधिक योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (-) 2.37 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में चावल, अरहर दाल, चना दाल, मूंगफली का तेल, हरी मिर्च, बैंगन, बंद गोभी, गाजर, फूल गोभी, फ्रेंचबीन, हरा धनिया, मेथी, पालक, मटर, आलू, मूली, टमाटर, केला, चीनी, ई.एस.आई. प्रिमियम अंशदान, इत्यादि सूचकांक को घटाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, गेंहू आटा, नारियल का तेल, मछली ताजा, बकरे का मांस, प्याज, इमली, नारियल, बिजली प्रभार, जलाऊ लकड़ी, माध्यमिक स्कूल फीस, फूल/फूल मालाएं, इत्यादि ने सूचकांक में कमी को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 3.97 प्रतिशत तथा गत वर्ष के दिसम्बर माह के 2.23 प्रतिशत की तुलना में इस माह 4.00 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 3.91 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 0.67 प्रतिशत की तुलना में 4.32 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, जमशेदपुर और तिरूचिरापल्ली के सूचकांक में (7 अंक प्रत्येक) की अधिकतम कमी रही जिसके बाद डुमडुमा तिनसुकिया, सिलीगुड़ी, गोदावरीखानी और जलपाईगुड़ी (6 अंक प्रत्येक) रहे। अन्य में, 7 केन्द्रों में 5 अंक, 10 केन्द्रों में 4 अंक, 9 केन्द्रों में 3 अंक, 21 केन्द्रों में 2 अंक तथा 13 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। इसके विपरीत, दार्जिलिंग में अधिकत्तम (8 अंक) तथा झरिया में (4 अंक) और श्रीनगर में (3 अंक) की वृद्धि पाई गई। अन्य 2 केन्द्रों में 2 अंक तथा 2 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। शेष 5 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

35 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारतीय सूचकांक से ऊपर तथा 43 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी जनवरी, 2018 माह के लिए दिन बुधवार, फरवरी 28, 2018 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक